# वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी

सेवा में,

मे0 जे0पी0 कंस्ट्रक्शन
2/12बी, विशाल खण्ड
गोमती नगर, लखनऊ।

पत्रांकः /वि0प्रा0/नि0/2020-20 दिनांकः

विषयः प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत कुरूहुआ में 454 (संशोधित 250) आवासों का निर्माण कार्य।

महोदय,

प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत ग्राम कुरूहुआ में 454 भवनों के निर्माण कार्य की निविदा, जी0एस0टी0 सहित धनांक रू0 23,93,75,781.90 (रूपये तेइस करोड़ तिरानबे लाख पचहत्तर हजार सात सौ इक्यासी एवं पैसे नब्बे मात्र) की स्वीकृति आपके पक्ष में उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्रदान की गयी है। तदनुसार अनुबन्ध संख्या-121/वि0प्रा0/नि0/2018-19 दिनांक 25.02.2020 अनुबन्ध गठित किया गया। निर्गत कार्यादेश के अनुसार कार्य दिनांक 25.02.2019 से प्रारम्भ कर निर्धारित अवधि दिनांक 24.08.2020 के अन्दर समाप्त करना है। जिला प्रशासन द्वारा ग्राम-कुरूहुआ में 0.94 हे0 भूमि उपलब्ध करायी गई है, जिसपर 0.475 हेतु भूमि का भू-उपयोग दिनांक 20.06.2019 को आवासीय किया है, जिसके कम में 250 भवनों की पुनरीक्षित डी0पी0आर0 शासन द्वारा दिनांक 19.11.2019 को स्वीकृति प्रदान की गयी। कार्य स्थल पर स्कूल के अतिक्रमण होने के कारण वास्तविक कब्जा दिनांक 22.01.2020 को प्राप्त हुआ। तदनुसार स्थल पर वास्तविक रूप से दिनांक 22.01.2020 को कार्य प्रारम्भ कराया गया। चूँकि अनुबन्ध में इस कार्य को 18 माह में पूर्ण किया जाना है जिसके अनुसार यह कार्य दिनांक 22.07.2021 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।

अतः उपरोक्त वर्णित के कम में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत ग्राम कुरूहुआ में 250 भवनों का निर्माण कार्य स्थल पर एस0ओ0पी0 की गाइड लाइन का अनुपालन करते हुए गुणवत्ता एवं मानक के अनुरूप निर्धारित समय के अन्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

अधिशासी अभियन्ता

पत्रांकः 95/वि0प्रा0/नि0/2020-21 दिनांकः 01-6-2020

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1- सहायक अभियन्ता, श्री अनिल दूबे को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2- अवर अभियन्ता, श्री पवन गुप्ता को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

अधिशासी अभियन्ता